राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	983/2018 घीसा बनाम धन्नी हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इसे हुक्म की तामील में जारी हुए
09/10/25	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। दिनांक 06/10/2025 को रेस्पो. की और से अधिवक्ता श्री अमित त्रिवेदी ने वकालतनामा पेश किया, जिसे शामिल मिसल किया गया। अधिवक्ता अपीलार्थी की बहस पत्रावली पर सुनी गयी एवं रेस्पो. की और से प्रार्थना पत्र पेश कर अपील का निस्तारण राजीनामे के आधार पर करते हुये अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 23/06/2003 को निरस्त फरमाते हुये राजीनामा दिनांक 24/02/1999 के मुताबिक डिक्री किये जाने का निवेदन किया। जिस पर पत्रावली का अवलोकन किया गया। चूँकि दोनों पक्ष अपीलाधीन निर्णय को निरस्त करवाने हेतु सहमत है। अत: अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय दिनांक 23/06/2003 निरस्त किया जाकर प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को मूल राजीनामा सलग्न कर प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे दोनों पक्षों की सुनवाई कर राजीनामे का अध्ययन कर विधिसम्मत निर्णय पुन: पारित करे। तदनुसार अपील निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 09/10/2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।	